चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांकः गोपनीय/प्रयो0/779
दिनांक : 02/05/23

विज्ञप्ति

विषयः वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संस्थागत एवं भूतपूर्व (Regular & Ex Stu.) छात्र/छात्राओं की बी0ए0 एवं बी0एससी0 तृतीय वर्ष 2023 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा शीघ्र सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत परीक्षार्थियों की बी0ए0 एवं बी0एससी0 तृतीय वर्ष 2023 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु संलग्न सूची में अंकित राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन परीक्षा केन्द्रो पर सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के सम्बन्धित परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा आयोजित की जायेगी।

अतः सभी सम्बन्धित परीक्षार्थियों से अपेक्षा है कि वे अपने सम्बन्धित वार्षिक पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष 2023 के प्रवेश–पत्र सहित निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर सम्पर्क करते हुए परीक्षा केन्द्र द्वारा निर्धारित तिथि पर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

नोटः–ऐसे महाविद्यालय/संस्थान जो संलग्न सूची में समाहित नहीं है वह स्वकेन्द्र रहेगें।

संलग्नकः परीक्षा केन्द्रों की सूची।

02/05/2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक जी को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
04. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त निर्धारित परीक्षा केन्द्रों को इस आशय से प्रेषित कि प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा की तिथि की सूचना परीक्षा केन्द्र की वैबसाईट पर अपलोड करते हुए नोटिस बोर्ड पर चसपा करने के साथ विश्वविद्यालय को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के छात्र/छात्राओं प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
05. सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया अनिवार्य रूप से अपने महाविद्यालय/संस्थान के छात्र/छात्राओं को निर्धारित परीक्षा केन्द्र से अवगत कराते हुये निर्धारित तिथि व समय पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित कराकर परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का कष्ट करें।
06. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वैब साईट पर अपलोड करने हेतु।
07. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को जन सम्मानित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।
08. निदेशक मास्कॉट सोफटवैब सोलूसन, प्राईवेट लिमिटिड को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानो की सम्पन्न होने वाली मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड करने हेतु पोर्टल खोलना सुनिश्चित करें।
09. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त मौखिक परीक्षा केन्द्र/कार्यक्रम को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव(गोपनीय)